सारण समाहरणालय, छपरा

जिला बाल संरक्षण इकाई

श्री नंदन पुस्तकालय के नजदीक, साधनापुरी, सारण, छपरा। फोन नंबर– 06152–295294

E-mail-dcpuchapra7@gmail.com

पत्रांक 1183 / जि0बा0सं0ई0,दिनांक 28-10-2026।

प्रेषक,

सहायक निदेशक,
जिला बाल संरक्षण इकाई,
सारण, छपरा।

सेवा में,

जिला सूचना विज्ञान अधिकारी
सारण, छपरा।

विषय :– **लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम, 2012 एवं पॉक्सो नियम 2020 के अंतर्गत सहायक व्यक्तियों के अस्थायी पदों पर सूचीबद्धता (Empanelment) हेतु विज्ञापन प्रकाशन करने के संबंध में।**

प्रसंग :– **सचिव, समाज कल्याण, बिहार पटना के पत्रांक–749, दिनांक 24.04.2026**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम, 2012 एवं पॉक्सो नियम, 2020 के अंतर्गत सहायक व्यक्तियों के अस्थायी पदों पर सूचीबद्धता (Empanelment) हेतु विज्ञापन प्रकाशन दिनांक 18.10.2026 को किया गया है।

अतः अनुरोध है कि इसे जिला के वेवसाईट पर अपलोड करने की कृपा की जाय।

अनुलग्नक :– प्रकाशन से संबंधित प्रपत्र

विश्वासभाजन

28.10.26
सहायक निदेशक,
जिला बाल संरक्षण इकाई,
सारण, छपरा।

सारण समाहरणालय सारण

जिला बाल संरक्षण इकाई

श्री नन्दन पुस्तकालय के नजदीक, साधनापुरी, सारण, छपरा। फोन नं0– 06152–242353

E-mail-dcpuchapra@gmail.com

नियोजन–सूचना

सचिव, समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना के मार्गदर्शिका ज्ञापांक–748, दिनांक 24.04.2026 एवं पत्रांक–749 दिनांक–24.04.2026 के आलोक में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम, 2012 एवं पॉक्सो नियम, 2020 के अंतर्गत सहायक व्यक्तियों का अस्थायी पदों पर सूचीबद्धता (Empanelment) करने हेतु सुयोग्य अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

Sl. No.	Name of Post	Number of Post	Category (रिक्त पदों की संख्या)	Minimum educational Qualification	Work Experience	Age	Remuneration
1	सहायक व्यक्ति	20	अनुसूचित जाति / जनजाति–5 (पुरूष–3, महिला–2) पिछड़ा/अतिपिछड़ा–4 (पुरूष–2, महिला–2) अल्पसंख्यक–4 (पुरूष–2, महिला–2) अन्य/सामान्य–7 (पुरूष–4, महिला–3)	सामाजिक कार्य (MSW) / समाज शास्त्र / मनोविज्ञान / बाल विकास या विधि से स्नातकोत्तर या बाल अधिकार/परामर्शन में डिप्लोमा के साथ किसी भी संकाय में स्नातक की डिग्री के साथ–साथ तीन वर्ष का कार्य अनुभव	बाल अधिकार / बाल संरक्षण / विधिक कार्य / बाल मनोविज्ञान परामर्शदाता / समाजशास्त्र/मनोविज्ञान के क्षेत्र में कम–से–कम तीन वर्ष का वांछनीय कार्य अनुभव। जिला विधिक सेवा प्राधिकार / जिला बाल संरक्षण इकाई / बाल कल्याण समिति/ किशोर न्याय बोर्ड / पॉक्सो न्यायालय अथवा चाईल्ड हेल्पलाईन सेवाओं में कार्यानुभव को प्राथमिकता दी जाएगी।	30 वर्ष से अधिक एवं 65 वर्ष से कम (राज्य में बाल कल्याण समिति के सदस्य के चयन हेतु निर्धारित उम्र सीमा लागू होगा)	9000/– (नौ हजार रूपये मात्र) प्रति पॉक्सो वाद पर देय होगा (तीन किस्तों में)

- भारत के नागरिक होना चाहिए।
- सारण जिला का निवासी होना चाहिए।
- अभ्यर्थी का पूर्ववर्ती इतिहास स्वच्छ होना चाहिए। इनके विरूद्ध भारत में कही भी अपराधिक मुकदमा दर्ज नहीं रहना चाहिए। वे कभी भी नैतिक दुराचार (Moral Turpitude) दोषी नहीं हो। इस आशय का उन्हें शपथ–पत्र समर्पित करना होगा।
- बाल संरक्षण अथवा बाल विकास के क्षेत्र में कार्य कर रहे किसी संस्थान से निष्काशित अथवा ब्लैक लिस्टेड नहीं होना चाहिए।
- उपरोक्त पद पॉक्सो मामले पर आधारित अस्थायी (दो वर्ष के लिए सूचीबद्धता किया जाएगा) पद होंगे।
- विज्ञापन की विवरणी विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से जिला प्रशासन, सारण के बेवसाइट https://saran.nic.in पर उपलब्ध रहेगा।
- इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार आवेदित पद का उल्लेख करते हुए विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 21 दिन के अंदर निबंधित डाक/ई–मेल से आवेदन पत्र निम्न पते पर भेंजेगे। निर्धारित तिथि एवं अवधि के समापन के पश्चात् प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

पता :– सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, सारण श्री नन्दन पुस्तकालय के नजदीक, साधनापुरी, सारण, छपरा। **(email-dcpuchapra7@gmail.com)**

- आवेदक आवेदन पत्र को साथ सभी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र, अंक प्रमाण–पत्र, अनुभव प्रमाण–पत्र, जाति प्रमाण–पत्र एवं आवासीय प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करेंगे।
- आयु की गणना 01.07.2026 से की जाएगी।
- अभ्यर्थियों का चयन शैक्षणिक योग्यता एवं चयन समिति के द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा।
- साक्षात्कार की तिथि को आवेदन पत्र के साथ संलग्न सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रति लाना अनिवार्य होगा।
- साक्षात्कार की तिथि की सूचना एवं सहायक व्यक्तियों का सेवा एवं कर्तव्य से संबंधित मार्गदर्शिका जिला बाल संरक्षण इकाई, सारण के कार्यालय के नोटिस बोर्ड एवं जिला प्रशासन, सारण के बेवसाईट https://saran.nic.in पर प्रदर्शित रहेगा।
- उक्त विज्ञापन के संबंध में सभी प्रकार की सूचना यथा–साक्षात्कार में भाग लेने हेतु योग्य अभ्यर्थियों की सूची अभ्यर्थियों की मनोनयन सूची आदि का प्रकाशन समय–समय उक्त बेवसाईट एवं कार्यालय नोटिस बोर्ड पर प्रकाशित किया जाएगा।
- किसी भी न्यायिक विवाद की स्थिति में अथवा अन्य कारणों से इस विज्ञापन को निरस्त करने का अधिकार सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, सारण के पास सुरक्षित रहेगा।
- उम्मीदवारों द्वारा आवेदन पत्र में गलत तथ्य या प्रमाण–पत्र देने पर उनका मनोनयन कभी भी रद्द किया जा सकता है।
- कार्य करने के दौरान प्रतिकूल आचरण पाए जाने पर मनोनयन कभी भी समाप्त किया जा सकता है।

28.09.26

सहायक निदेशक
जिला बाल संरक्षण इकाई,
सारण, छपरा।